प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 07.05.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– भारतीय सेना ने पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर कड़ा प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर चलाया–नौ आतंकी ठिकाने तबाह किए गए–देशभर में लोगों ने मनाई खुशियां।

2– दुर्ग सहित देश के दो सौ चवालीस जिलों में सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए आज शाम मॉकड्रिल आयोजित की गई।

3– बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में बाईस माओवादी मारे गए।

4– छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी किए–दसवीं में कांकेर की इशिका बाला और जशपुर के नमन खुंटिया ने, तो वहीं, बारहवीं में कांकेर के अखिल सेन ने पहला स्थान हासिल किया।

**समाचार विस्तार से .....**

**ऑपरेशन सिंदूर–01**

भारतीय सशस्त्र बलों ने बीती रात पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर स्थित आतंकी ठिकानों पर कड़ा प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर संचालित किया। इन ठिकानों से ही भारत के विरूद्ध आतंकी हमले की योजना बनाई गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रातभर इस सैन्य कार्रवाई पर नजर बनाए रखी।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। नई दिल्ली में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन बीती रात एक बजकर पांच मिनट से एक बजकर तीस मिनट तक सैन्य तथा नागरिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए बिना सफलतापूर्वक चलाया गया।

कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल भविष्य में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों का पर्दाफाश हुआ है।

**पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं। रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा किए गए दावे और लश्कर–ए–तैयबा से ज्ञात सोशल मीडिया हैंडल द्वारा इसको रि–पोस्ट किया जाना इसकी पुष्टि करता है। चश्मदीद गवाहों और विभिन्न जांच एजेंसियों को उपलब्ध अन्य सूचनाओं के आधार पर हमलावरों की पहचान भी हुई है।**

संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की जवाबी कार्रवाई की सटीकता और लक्षित स्थलों के आतंकी गतिविधियों से संबंधों को उजागर करने के लिए ऑडियो और वीडियो इनपुट के साथ एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

## ऑपरेशन सिंदूर–02

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और कैबिनेट को ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने सफलतापूर्वक इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की।

ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर कई घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एयर इंडिया ने जानकारी दी है कि जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट से आने–जाने वाली उड़ानें इस महीने की 10 तारीख तक रद्द कर दी गई हैं। इंडिगो ने भी आज श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला से आने–जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर–03

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सेना के सभी जवानों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले का हमारी सेना ने जवाब दे दिया है।

पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के दिनेश मिरानिया के भतीजे सुधीर अग्रवाल ने सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि भारत ने जो भी किया अच्छा किया है, ताकि पाकिस्तान भविष्य में भारत के खिलाफ ऐसी हरकत करने की कभी सोचे भी नहीं।

भारत के सशस्त्र बलों द्वारा बीती रात चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ के अनेक शहरों और कस्बों में लोगों ने आतिशबाजी की, तिरंगा लहराया और मिठाईयां बांटीं।

## सुरक्षा–मॉकड्रिल

इस बीच, सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए आज प्रदेश के दुर्ग सहित देशभर के दो सौ चवालीस जिलों में नागरिक सुरक्षा मॉकड्रिल आयोजित की गई। इन सभी जिलों में आज शाम हवाई हमले की चेतावनी वाले सायरन बजाए गए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भिलाई स्टील प्लांट जैसे राष्ट्रीय महत्व के औद्योगिक संस्थान को देखते हुए छत्तीसगढ़ से दुर्ग को मॉकड्रिल के लिए चुना है।

दुर्ग में आज शाम एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सीआईएसएफ, होमगार्ड और जिला पुलिस के जवानों के साथ ही एनसीसी, एनएसएस और नेहरू युवा केन्द्र के कार्यकर्ताओं की मदद से करीब डेढ़ घंटे तक नागरिकों से अभ्यास कराया गया। इस दौरान आग लगने की स्थिति में किस तरह कम से कम समय में राहत और बचाव कार्य किया जाए, इसका अभ्यास किया गया।

मॉकड्रिल के दूसरे चरण के तहत आज शाम ब्लैक आउट भी किया जाएगा।

## माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले की कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में बाईस माओवादियों के मारे जाने की खबर है। यह मुठभेड़ आज तड़के शुरू हुई, जो अभी तक जारी है। इस ऑपरेशन में डीआरजी, कोबरा बटालियन, सीआरपीएफ और एसटीएफ के जवान शामिल हैं। इस पूरे ऑपरेशन पर सीआरपीएफ और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार नजर बनाए हुए हैं।

गौरतलब है कि बीजापुर जिले की कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर सुरक्षा बलों का यह ऑपरेशन बीते करीब दो हफ्ते से जारी है। ऑपरेशन के दौरान इससे पहले चार महिला माओवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। इस तरह अब तक इस ऑपरेशन में छब्बीस माओवादी मारे गए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बीजापुर जिले की कर्रेगुटा पहाड़ी पर चल रहे माओवाद विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी सफलता हासिल की है।

**दसवीं / बारहवीं–परिणाम**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। दसवीं की परीक्षा में लगभग छिहत्तर प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं, बारहवीं की परीक्षा में करीब बयासी प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की अध्यक्ष रेणु जी पिल्ले और सचिव पुष्पा साहू ने आज परीक्षा परिणाम जारी किए।

दसवीं की प्रावीण्य सूची में कांकेर जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोंडाहुर की छात्रा इशिका बाला और स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल जशपुर के नमन कुमार खुंटिया ने निन्यानवे दशमलव एक सात प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नमन ने अपनी सफलता के लिए शिक्षकों और परिवारजनों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

दसवीं की टॉप टेन सूची में पच्चीस विद्यार्थियों ने जगह बनाई है।

वहीं, बारहवीं की परीक्षा में कांकेर जिले के शासकीय स्कूल कोडागांव के अखिल सेन ने अंठानवे दशमलव दो–शून्य प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है।

मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के मनेन्द्रगढ़ की श्रुति मंगतानी ने संतानवे दशमलव चार–शून्य प्रतिशत अंक के साथ दूसरा और बेमेतरा जिले के बेरला की वैशाली साहू ने संतानवे दशमलव दो–शून्य प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है। बारहवीं की टॉप टेन सूची में उन्नीस विद्यार्थी शामिल हैं।

**केन्द्रीय मंत्रिमंडल–निर्णय**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान–आईटीआई के लिए राष्ट्रीय योजना के उन्नयन और कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना को मंजूरी दे दी है। यह योजना एक हजार सरकारी आईटीआई को हब में अपग्रेड करने और पांच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों की क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। इसमें इन संस्थानों में कौशल विकास के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना भी शामिल होगी। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने कहा कि इन प्रतिष्ठानों को केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में साठ हजार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ लागू किया जाएगा।

वहीं, मंत्रिमंडल ने छत्तीसगढ़ सहित आंध्रप्रदेश, जम्मू–कश्मीर, कर्नाटक और केरल में स्थापित पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों की शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे की क्षमता के विस्तार को भी मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य इन प्रमुख संस्थानों में छह हजार पांच सौ से अधिक छात्रों को अध्ययन करने की सुविधा प्रदान करना है। अगले चार वर्षों में ग्यारह हजार आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे।

**कर्मचारी–बर्खास्त**

राज्य सरकार ने सुशासन तिहार के तीसरे चरण के दौरान बेमेतरा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े तीन संविदा कर्मियों को हितग्राहियों से रिश्वत मांगने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इन कर्मियों के खिलाफ नांदघाट थाने में एफआईआर भी दर्ज की गई है। जनपद पंचायत नवागढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की लिखित

रिपोर्ट और नांदघाट थाना में दर्ज एफआईआर के आधार पर आवास मित्र नीरा साहू, रोजगार सहायक नारायण साहू और ईश्वरी साहू को तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>